# 6 उच्च न्यायालय एवं अधीनस्थ न्यायालय

1. राजस्थान में सर्वप्रथम ग्राम न्यायालय की स्थापना कहाँ की गई थी?
(1) आमेर (जयपुर) (2) कैथून (कोटा)
(3) बस्सी (जयपुर) (4) नाथद्वारा (राजसमंद) (3)

**व्याख्या–** राजस्थान में सर्वप्रथम ग्राम न्यायालय की स्थापना 27 नवम्बर, 2010 को बस्सी (जयपुर) में की गई थी। तत्कालीन कानून मंत्री विरप्पा मोइली ने इसका उद्घाटन किया।

2. किस अनुच्छेद के तहत प्रत्येक राज्य के लिए एक उच्च न्यायालय की व्यवस्था की गई है?
(1) अनुच्छेद– 216 (2) अनुच्छेद– 324
(3) अनुच्छेद– 214 (4) अनुच्छेद– 218 (3)

3. संविधान के किस भाग में राज्यों के उच्च न्यायालय की संरचना तथा कार्य का वर्णन किया गया है?
(1) 5 (2) 4
(3) 6 (4) 3 (3)

**व्याख्या–** संविधान के भाग– 6 (अनुच्छेद 214 से 231) में राज्यों के उच्च न्यायालयों की संरचना तथा कार्यों का वर्णन किया गया है।

4. वर्तमान में उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश का वेतन कितना है?
(1) 2,55,000 रु. (2) 2,25,000 रु.
(3) 2,50,000 रु. (4) 2,20,000 रु. (3)

5. 'साझा उच्च न्यायालय' की स्थापना किस संविधान संशोधन अधिनियम के तहत हुई थी?
(1) चौथा संविधान संशोधन अधिनियम
(2) सातवां संविधान संशोधन अधिनियम
(3) 15वां संविधान संशोधन अधिनियम
(4) 6वां संविधान संशोधन अधिनियम (2)

**व्याख्या–** अनुच्छेद 214 के तहत प्रत्येक राज्य के लिए एक उच्च न्यायालय की व्यवस्था की गई थी, लेकिन 7वें संविधान संशोधन अधिनियम 1956 में संसद को यह अधिकार दिया गया कि वह दो या दो से अधिक राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्र के लिए एक 'साझा उच्च न्यायालय' की स्थापना कर सकती है।

6. उच्च न्यायालय का क्षेत्राधिकार एवं उसकी शक्तियों का निर्धारण कौन करता है?
(1) राज्यपाल (2) संसद
(3) राष्ट्रपति (4) राज्य विधानमण्डल (2)

**व्याख्या–** उच्च न्यायालय का क्षेत्राधिकार एवं उसकी शक्तियों का निर्धारण संसद करती है। अनुच्छेद 225 के अनुसार किसी राज्य के उच्च न्यायालय की अधिकारिता उस राज्य की क्षेत्रीय सीमाओं तक होती है।

7. राजस्थान के एकीकरण के चौथे चरण (30 मार्च, 1949) से पहले निम्न में से किस कमेटी ने राजस्थान उच्च न्यायालय (हाइकोर्ट) जोधपुर में स्थापित करने की सिफारिश की?
(1) बी.आर. पटेल कमेटी (2) पी. सत्यनारायण राव कमेटी
(3) शंकर राव देव कमेटी (4) फजल अली कमेटी (1)

**व्याख्या–** एकीकरण के दौरान चौथे चरण में नए राज्य के उद्घाटन से पहले नव गठित राज्य की राजधानी तथा हाइकोर्ट के मुद्दे को सुलझाने के लिए बी.आर. पटेल कमेटी का गठन किया गया था। 27 मार्च, 1949 को इस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट पेश की, जिसमें जयपुर को राजस्थान की राजधानी तथा जोधपुर में हाइकोर्ट की स्थापना की सिफारिश की गई।

8. ग्राम न्यायालय अधिकतम कितने वर्ष तक की सजा सुना सकता है?
(1) 4 वर्ष (2) 3 वर्ष
(3) 2 वर्ष (4) 5 वर्ष (3)

9. उच्च न्यायालय को लेख जारी करने की शक्ति किस अनुच्छेद के तहत है?
(1) अनुच्छेद–221 (2) अनुच्छेद–224
(3) अनुच्छेद–230 (4) अनुच्छेद–226 (4)

**व्याख्या–** अनुच्छेद 226 के अंतर्गत उच्च न्यायालय मूल अधिकारों के उल्लंघन के मामले में बन्दी प्रत्यक्षीकरण, परमादेश, प्रतिषेध, उत्प्रेषण तथा अधिकार पृच्छा लेख जारी कर सकता है।

10. राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण का मुख्यालय कहाँ स्थित है?
(1) जोधपुर (2) जयपुर
(3) उदयपुर (4) सीकर (2)

11. उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति कौन करता है?
(1) राज्यपाल (2) राष्ट्रपति
(3) राज्य विधानमण्डल (4) संसद (2)

**व्याख्या–** उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तथा सम्बन्धित राज्य के राज्यपाल के परामर्श के बाद की जाती है।

12. वर्तमान में राजस्थान में कुल कितने ग्राम न्यायालय स्थापित है?
(1) 44 (2) 47
(3) 50 (4) 45 (4)

**व्याख्या–** भारत में सर्वाधिक ग्राम न्यायालयों की स्थापना मध्यप्रदेश (89) में की गई है। ग्राम न्यायालयों की संख्या की दृष्टि से राजस्थान का देश में दूसरा स्थान है।

13. भारत में सर्वप्रथम उच्च न्यायालय की स्थापना कहाँ की गई थी?
(1) मुम्बई (2) दिल्ली
(3) मद्रास (4) कोलकता (4)

14. उच्च न्यायालय का न्यायाधीश अपना त्याग–पत्र किसको दे सकता है?
(1) राज्यपाल
(2) सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश
(3) राष्ट्रपति
(4) अपने से वरिष्ठ किसी भी न्यायाधीश को (3)

Dhindhwal Publication Lead Read and Achieve

15. राजस्थान में सर्वप्रथम लोक अदालत का आयोजन कहाँ हुआ था?
(1) जयपुर (2) सीकर
(3) कोटा (4) जोधपुर (3)

16. उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति और उसके पद की शर्तें किस अनुच्छेद में है?
(1) अनुच्छेद-219 (2) अनुच्छेद-217
(3) अनुच्छेद-218 (4) अनुच्छेद-221 (2)

17. निम्न में से कौनसा भारत में साझा उच्च न्यायालय का उदाहरण है?
(1) मुम्बई उच्च न्यायालय
(2) पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय
(3) गुवाहाटी उच्च न्यायालय
(4) उपर्युक्त सभी (4)

18. उच्च न्यायालय के न्यायाधीश व मुख्य न्यायाधीश की शपथ का उल्लेख किस अनुसूची में मिलता है?
(1) अनुसूची-2 (2) अनुसूची-4
(3) अनुसूची-1 (4) अनुसूची-3 (4)

19. वर्तमान में राजस्थान उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश सहित कुल न्यायाधीशों की निर्धारित संख्या कितनी है?
(1) 40 (2) 45
(3) 50 (4) 47 (3)

20. किस संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष की गई है?
(1) 7वां संविधान संशोधन अधिनियम
(2) 9वां संविधान संशोधन अधिनियम
(3) 15वां संविधान संशोधन अधिनियम
(4) तीसरा संविधान संशोधन अधिनियम (3)

21. राजस्थान उच्च न्यायालय में प्रथम मुख्य न्यायाधीश थे?
(1) कमलकांत वर्मा (2) दौलतमल भंडारी
(3) अरूण कुमार (4) सरजू प्रसाद (1)

**व्याख्या–** 29 अगस्त, 1949 को राजस्थान के राजप्रमुख महाराजा मानसिंह ने न्यायमूर्ति कमलकांत वर्मा को राजस्थान के प्रथम मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलवाई।

22. उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों का वेतन कौन निर्धारित करता है?
(1) संसद (2) राष्ट्रपति
(3) राज्य विधानमंडल (4) सर्वोच्च न्यायालय (1)

23. उच्च न्यायालय की मुख्य पीठ (जोधपुर) के क्षेत्राधिकार में कितने जिले आते है?
(1) 21 (2) 19
(3) 17 (4) 14 (2)

24. जिला न्यायाधीशों की नियुक्ति का प्रावधान संविधान के किस अनुच्छेद में निहित है?
(1) अनुच्छेद-234 (2) अनुच्छेद-235
(3) अनुच्छेद-233 (4) अनुच्छेद-237 (3)

25. उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के वेतन एवं भत्तों का प्रावधान संविधान के किस अनुच्छेद में किया गया है?
(1) अनुच्छेद-321 (2) अनुच्छेद-221
(3) अनुच्छेद-216 (4) अनुच्छेद-220 (2)

26. राजस्थान राज्य न्यायिक अकादमी की स्थापना किस वर्ष की गई थी?
(1) 2002 (2) 2004
(3) 2000 (4) 2001 (4)

27. उच्च न्यायालय का गठन संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत किया गया है?
(1) अनुच्छेद-218 (2) अनुच्छेद-319
(3) अनुच्छेद-216 (4) अनुच्छेद-219 (3)

**व्याख्या–** अनुच्छेद-216 के अनुसार प्रत्येक उच्च न्यायालय मुख्य न्यायमूर्ति तथा अन्य न्यायाधीशों से मिलकर बनेगा, जिन्हें राष्ट्रपति समय-समय पर नियुक्त करना आवश्यक समझे।

28. राजस्थान के किस जिले में सर्वाधिक जिला न्यायालय कार्यरत है?
(1) जयपुर (2) जोधपुर
(3) उदयपुर (4) कोटा (1)

29. राजस्थान के किन दो जिलों में 1 से अधिक जिला न्यायालय स्थापित है?
(1) जयपुर, उदयपुर (2) जोधपुर, उदयपुर
(3) जयपुर, जोधपुर (4) कोटा, अजमेर (3)


30. वर्तमान में राजस्थान में कुल जिला न्यायालयों की संख्या कितनी है?
(1) 33 (2) 34
(3) 30 (4) 36 (4)

**व्याख्या–** वर्तमान में जयपुर में 3 जिला न्यायालय तथा जोधपुर में 2 जिला न्यायालय है। इस प्रकार राजस्थान में कुल जिला न्यायालयों की संख्या 36 है।

Lead, Read and Achieve
Dhindhwal Publication

# राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –







टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।